कंजर्वेशन रिजर्व के लिए गांव-गांव होगा संवाद, विरोध हुआ तो रोका जाएगा

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। कंज़र्वेशन रिजर्व का ग्रामीणों के विरोध के बाद वन महकमे ने सीधे ग्रामीणों से संवाद करने का निर्णय लिया है। गांव-गांव कंजर्वेशन फॉरेस्ट के फायदे बताए जाएंगे। यदि ग्रामीणों ने कंजर्वेशन रिजर्व के पक्ष में सहमति जताई तो प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। यदि ग्रामीणों ने असहमति दर्ज कराई तो प्रस्ताव को स्थगित कर दिया जाएगा। डीएफओ दक्षिण वन मंडल अनुपम शर्मा ने बताया, कंज़र्वेशन रिज़र्व वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत घोषित किया जाता है।

इसका उद्देश्य उन वनों को संरक्षित करना है जो जैवविविधता और वन्यजीवों की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं, पर अभी तक किसी सख्त श्रेणी जैसे राष्ट्रीय उद्यान या अभयारण्य में शामिल नहीं हैं। यह केवल सरकारी वन भूमि पर बनाया जाता है। इसमें गाँव, राजस्व भूमि या निजी खेतों को शामिल नहीं किया जाता, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार के विस्थापन नहीं होता है। कंज़र्वेशन रिजर्व घोषित होने पर ग्रामीणों के मौजूदा अधिकार और परंपरागत गतिविधियां जैसे खेती, चराई, महुआ-तेंदू संग्रह, शहद निकालना और अन्य लघु वनोपज गतिविधियां सुरक्षित रहती हैं। केवल वही कार्य प्रतिबंधित होते हैं जो जंगल और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाते हैं, जैसे अवैध शिकार, आगजनी, सीमा-चिन्हों को क्षति पहुंचाना या विस्फोटक और हानिकारक रसायनों का प्रयोग करना।

स्थानीय भागीदारी से होता है संचालन- कंज़र्वेशन रिजर्व का संचालन केवल वन विभाग द्वारा नहीं किया जाता बल्कि इसमें स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। इसके लिए कंजर्वेशन रिजर्व प्रबंधन समिति का गठन किया जाता है जिसमें वन विभाग के अधिकारी, संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, कृषि एवं पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि और स्थानीय स्तर पर कार्यरत गैर-सरकारी संगठन शामिल होते हैं। संरक्षण और विकास से जुड़े निर्णय केवल विभागीय स्तर पर नहीं बल्कि स्थानीय लोगों की राय और भागीदारी के साथ लिए जाते हैं।

टाइगर रिज़र्व और कंजर्वेशन रिजर्व में अंतर-- वन अधिकारियों ने कहा, कंजर्वेशन रिजर्व को लेकर ग्रामीणों को भ्रमित कर डराया जा रहा है। जिससे लोग विरोध कर रहे हैं। जबकि टाइगर रिजर्व और कंजर्वेशन रिजर्व में अंतर होता है। लोगों को भ्रमित किया जा रहा है कि कंज़र्वेशन रिज़र्व बनने पर वही नियम लागू होंगे जो टाइगर रिज़र्व या राष्ट्रीय उद्यान में होते हैं यह सही नहीं है। टाइगर रिज़र्व और राष्ट्रीय उद्यान में कई बार गांवों का पुनर्वास होता है और परंपरागत गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं। इससे ग्रामीणों को कई प्रकार के फायदे होंगे।

ग्रामीणों तक पहुंचाएंगे अपनी बात

डीएफओ अनुपम शर्मा ने कहा, इंटीग्रेटेड लैंडस्केप मैनेजमेंट प्लान में कल्दा और आसपास के वनों को कंज़र्वेशन रिज़र्व घोषित करने की अनुशंसा की गई है। यह इलाका पन्ना टाइगर रिज़र्व और बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व को जोड़ने वाले प्राकृतिक गलियारे का हिस्सा है। धार्मिक और सामुदायिक दृष्टि से भी यह क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। कंज़र्वेशन रिज़र्व बनने से कल्दा और आसपास के जंगलों को नई पहचान मिलेगी और यह क्षेत्र राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध होगा। क्षेत्र के लिए अलग प्रबंधन योजना बनेगी जिसमें जैवविविधता संरक्षण, ईको-टूरिज्म और ग्राम विकास पर विशेष ध्यान होगा।

अध्यक्ष एवं सीएमओ ने किया सीसी नाले के कार्य का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

अजयगढ़/पन्ना 7 नवंबर। नगर में चल रहे विकास कार्यों मैं निर्माण कार्यों को नगर परिषद अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता सीएमओ राजेंद्र सिंह रमाकांत बागरी ने नगर में चल रहे निर्माण कार्यों का भ्रमण किया और कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया।

वार्ड क्रमांक 3 में निर्माणाधीन सी सी नाला जिसकी लागत लगभग 20 लाख रुपए है वहां पर जाकर देखा निर्माण एजेंसी को नगर परिषद अध्यक्ष सीता सरोज गुप्ता निमार्ण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की हिदायत दी नगर में गंदगी ना फैले इस तरह से नगर को साफ स्वच्छ बनाने एवं गंदे नालों को बन्द करने की दिशा में नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 में अच्छा कार्य करवाया है और वार्ड वासियों को गंदगी गंदे नाले से निजात मिलेगी।

शिकायत पेटी की शिकायतों का करें विधिवत निराकरण

पन्ना 7 नवंबर। कलेक्टर ऊषा परमार ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देश जारी कर कार्यालय की शिकायत पेटी में पाई जाने वाली शिकायतों के प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आवेदन अथवा शिकायतकर्ता द्वारा कार्यालय में स्थापित शिकायत पेटी में आवेदन अथवा शिकायतें डाली जाती हैं।

राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर हुए कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। शासन के निर्देशानुसार 7 नवम्बर को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

शासन द्वारा राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगाठ को एक वर्ष तक निरंतर समारोहपूर्वक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत चार चरणों में क्रमशः इस वर्ष 7 से 14 नवम्बर तक एवं वर्ष 2026 में 19 से 26 जनवरी तक, 7 से 15 अगस्त तक तथा एक से 7 नवम्बर तक व्यापक रूप से गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में शासकीय सेवकों द्वारा सुमधुर ध्वनि के बीच वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस मौके पर कलेक्टर ऊषा परमार एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्मरणोत्सव का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उपस्थितजनों ने लाइव टेलीकास्ट के जरिए नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को भी देखा एवं सुना। जिले के तहसील और विकासखंड मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पर हुई कार्यवाही

सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर बनाया था फर्जी आईडी

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। पन्ना पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर महिलाओं के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं अश्लील सामग्री प्रसारित करने वाले आरोपियों के विरुद्ध निरंतर कठोर एवं त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की अश्लील फोटो अपलोड कर वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 08 अक्टूबर को फरियादिया द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज मटेरियल सेक्शन में शिकायत दर्ज कराई गई थी। एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से महिला एवं बालक-बालिकाओं से संबंधित अपराधों की गोपनीय शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है, जिसमें पीड़िता अपनी पहचान छिपाकर यौन उत्पीड़न या अश्लील सामग्री से संबंधित अपराध की सूचना दर्ज करा सकती हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर फरियादिया की अश्लील फोटो अपलोड की गईं तथा गंदे एवं आपत्तिजनक कमेंट पोस्ट किए गए, जिससे उक्त फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। प्रकरण पर थाना सलेहा में धारा 79, 351(2) भारतीय दंड संहिता एवं धारा 67 आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सायबर सेल पन्ना द्वारा शिकायत पर तकनीकी विश्लेषण कर संदिग्ध आरोपी जानू कुशवाहा पिता स्वामी प्रसाद कुशवाहा उम्र 27 वर्ष निवासी - ग्राम नैगुवां, थाना सलेहा, जिला पन्ना (म.प्र.) की पहचान की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पता लगाते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किया गया है तथा उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

सरकार के आदेश बेअसर, बीईओ कार्यालय गुनौर में पौने पांच बजे लटक गया ताला

नवभारत न्यूज

गुनौर/पन्ना 7 नवंबर। विकासखंड गुनौर में शिक्षा विभाग में शिक्षकों के विद्यालय समय में उपस्थित न रहने, कार्यालय प्रभारियो के मुख्यालय में न रहने, निरीक्षण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण दौरान गड़बड़ी मिलने पर लापरवाहों के विरुद्ध कोई कार्यवाही न करने एवं प्राप्त शिकायतों पर कोई दंडात्मक कार्यवाही न करने का परिणाम है शिक्षा व्यवस्था का बेपटरी होना।

आज हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बीईओ कार्यालय गुनौर में मौके पर पहुंचकर देखने पर 4 बजकर 47 मिनिट पर ताला लगा पाया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों में कुछ तो कभी-कभार आते हैं। कुछ केवल हस्ताक्षर करने तक सीमित हैं। उस कार्यालय में बेधड़क पौने पांच बजे के पहले ही ताला लगाकर सभी कर्मचारी चले गए। इसी प्रकार विद्यालयों के खुलने एवं शिक्षकों व अन्य सभी कर्मचारियों के उपस्थित रहने का समय साढे 10 बजे से साढ़े 4 या 4 बजे तक आवश्यकतानुसार शैक्षणिक गतिविधियां संचालित होगी। बाकी डेढ़ घंटा में शिक्षक अपना कार्यालीन कार्य करेंगे या अतिरिक्त निदानात्मक कक्षाएं, प्रयोग, खेल गतिविधियां आदि संचालित होगी। किंतु जब पोंने 5 बजे बीईओ कार्यालय ही बंद हो जाता है तो जो शिक्षक बीईओ कार्यालय से संबंधित अपना कार्य कराने आएंगे तो कैसे उनका कार्य हो सकता है। इससे प्रमाणित है कि शिक्षकों को अपना शिक्षण कार्य छोड़कर कार्यालीन काम कराने जाना पड़ता होगा। इसी का परिणाम है शैक्षणिक व्यवस्था का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है।

इनका ये है कहना

यदि पौने पांच बजे बीईओ कार्यालय में ताला लगा है तो मैं कार्यवाही करूंगा एवं स्वयं भी औचक निरीक्षण करूंगा।

रवि प्रकाश खरे डीईओ जिला जिला पन्ना।

खेती कैसे साबित होगी लाभ का धंधा

पन्ना 7 नवंबर। प्रदेश सरकार के मुखिया हर सभा में अपने आपको किसान का बेटा कहते हैं और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन जब किसान को समय पर बिजली, सिंचाई के लिए पानी एवं रासायनिक खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं होगा तो खेती कैसे लाभ का धंधा साबित होगी। आज स्थिति एक पखवाडे से यह है कि किसानों की बोवनी का सीजन चल रहा है और किसान दिनभर रासायनिक खाद के लिए लाईन में लगे रहते हैं और शाम होने तक कई लोग बिना खाद के लिए वापस बेरंग लौट जाते हैं। इस समय किसानों को खाद की बहुत ही आवश्यकता है लेकिन सरकारी रवैये के कारण किसानों को सोसायटी में खाद ही नहीं मिल रही है।

एसडीएम ने जनप्रतिनिधि एवं राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

पन्ना 7 नवंबर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पन्ना विधानसभा क्षेत्र संजय कुमार नागवंशी ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जनप्रतिनिधि एवं राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। इस दौरान पन्ना विधानसभा क्षेत्र की पन्ना एवं अजयगढ़ तहसील अंतर्गत निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण के संबंध में जारी विस्तृत निर्देशों और निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन के बारे में अवगत कराया गया।

संयुक्त संचालक ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभाग के जिला कार्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर विकास कार्यों और हितग्राहीमूलक योजनाओं में प्रगति लाने तथा निरंतर फॉलोअप के निर्देश दिए।

इस बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश प्रताप सिंह सहित समस्त परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक द्वारा निर्माण कार्यों की समीक्षा कर अपूर्ण एवं अप्रारंभ भवनों को पूर्ण कराने सहित 75 सक्षम आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका व रैन वॉटर हार्वेस्टिंग कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही समयावधि में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की वर्तमान वित्तीय वर्ष की लक्ष्यपूर्ति की सेक्टरवार समीक्षा कर कम प्रगति वाले सेक्टरों में संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई तथा आगामी माह में शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के लिए परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में पोषण ट्रैकर एप में दर्ज हितग्राहियों को पात्रतानुसार टेक होम राशन एवं हॉट कुक मील का वितरण कराने तथा चिन्हित कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर श्रेणी में अपेक्षित सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश भी दिए गए।

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गायन एवं मैराथन दौड़ का आयोजन

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ को देशभर में 07 नवम्बर से 07 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन पर पुलिस लाइन पन्ना में आज राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक 'वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना वंदना चैहान की उपस्थिति में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत का गायन किया। कार्यक्रम में खेल विभाग के अधिकारयों सहित रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार एवं थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मित्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सामूहिक गायन के पश्चात मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चैहान द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने स्वयं प्रतिभागियों के साथ पूरी मैराथन में भाग लेकर सभी को प्रोत्साहित किया।

जिले के 1.18 लाख बिजली उपभोक्ता होंगे लाभान्वित

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के लिए समाधान योजना लागू की गई है। इसमें बकायादारों के बिजली बिलों पर लगने वाला सरचार्ज माफ किया जाएगा। इससे पन्ना जिले के एक लाख 18 हजार बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

यह योजना विभिन्न कारणों से समय पर बिजली बिलों का भुगतान नहीं कर पाने वाले बिजली उपभोक्ताओं के लिए लाभप्रद है। घरेलू, गैर घरेलू, कृषि और औद्योगिक श्रेणी के ऐसे उपभोक्ता शत प्रतिशत सरचार्ज माफी के पात्र होंगे, जो तीन माह एवं अधिक समय से बकायादार हैं। योजना के प्रथम चरण में 3 नवंबर से 31 दिसंबर तक 60 से 100 फीसदी सरचार्ज माफ होगा, जबकि दूसरे चरण में 1 जनवरी से 28 फरवरी तक सरचार्ज में 50 से 90 फीसदी की छूट मिलेगी। भुगतान के लिए विकल्प भी निर्धारित है। एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट मिलेगी, जबकि 6 किश्तों में भुगतान की भी आसान सुविधा है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता को पंजीकरण के लिए न्यूनतम भुगतान बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को बकाया राशि का 25 प्रतिशत नियत है। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय पर संपर्क किया जा सकता है। पन्ना शहर वितरण केंद्र के लिए मोबाइल नंबर 8770541568, गुनौर के लिए 9425613841, सलेहा के लिए 9691797518,इसके अलावा पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट या कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

13 को सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिलेगी अतिरिक्त 1300 रुपए प्रति क्विंटल की राशि

पन्ना 7 नवंबर। भावांतर योजना में सोयाबीन का प्रति क्विंटल मॉडल रेट 4 हजार रुपए से अधिक तय किया गया है। प्रदेश के अन्नदाताओं को उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य का पूर्ण लाभ दिलाने के लिए सोयाबीन उत्पादक किसानों को अतिरिक्त 1300 रूपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे। आगामी 13 नवम्बर को सोयाबीन उत्पादक किसानों को इसका लाभ वितरित किया जाएगा।

मेडिकल संचालकों की कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

पवई 7 नवम्बर। नगर के स्थानीय गार्डन में बुधवार 05 नवंबर को मेडिकल संचालको की कार्यशाला सम्पन्न हुई।

जिसने जिला औषधि विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष श्रीकांत दीक्षित एवं जिला सचिव जयराज पाटकर जी , जिला कोषाध्यक्ष श्याम नारायण तिवारी एवं सभी मेडिकल संचालक उपस्थित रहे जिसमें जिला से पधारे हुये पदाधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया एवं सभी मेडिकल संचालको ने अपनी-अपनी समस्याएं व पक्ष भी रखे जिलाध्यक्ष श्रीकांत दीक्षित द्वारा- फार्मेसी एकट 1948 की धारा 42(1), 42(2) तथा डग एंड कास्मेटिक एकट 1940,1945 की धारा 64,65,66 फार्मासिस्ट व प्रोपराइटर की भूमिका, अधिकार, व दायित्व के संबंध पर विशेष चर्चा कर उससे संबंधित प्रावधानों की जानकारी तथा अपने व्यवसाय के संचालन में किन बातों का ध्यान रखना है पर प्रकाश डाला गया इस कार्यशाला मे डॉ. रमेश बेहरे, अजय श्रीवास्तव , अनुराग मिश्रा,सुशील बजैलिया, पुनीत सोनी , ब्रजेश विश्वकर्मा, गायत्री द्विवेदी ,ब्रजेश विश्वकर्मा, सचिन सोनी , निर्भय सिंह , कृष्ण कुमार तिवारी, रुद्र प्रताप, पवन सोनी, मुकेश सहित नगर एवं आँचलिक क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर के संचालक उपस्थित रहे

यादव अजयगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित

अजयगढ़/पन्ना 7 नवंबर।

युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष पद के चुनाव में प्रेमनारायण सिंह यादव ने जीत दर्ज करते हुए अजयगढ़ ब्लॉक से अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। छात्र राजनीति से सक्रिय प्रेमनारायण सिंह यादव पूर्व में एनएसयूआई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। निर्वाचन परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई से जुड़े युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने प्रेमनारायण सिंह यादव का फूलमालाओं से स्वागत किया और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया।

शेष पेंशन हितग्राहियों का 30 तक पूर्ण करें भौतिक सत्यापन

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर।सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के सभी पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे।

शासन द्वारा 31 अगस्त 2025 की स्थिति में आधार ई-केवायसी नहीं करा सके हितग्राहियों की पेंशन को होल्ड करने की कार्यवाही की गई है। ऐसे हितग्राहियों की पेंशन को शुरू करने के लिए इनके भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में निर्देशित किया गया था। पन्ना जिले में 2 हजार 6 होल्ड प्रकरणों में से एक हजार प्रकरणों का भौतिक सत्यापन पूर्ण कर पेंशन पोर्टल पर अपडेट किया गया है, जबकि शेष लगभग 50 प्रतिशत होल्ड प्रकरणों का भौतिक सत्यापन आगामी 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाना है। इस संबंध में विभाग के उप संचालक अशोक कुमार चतुर्वेदी द्वारा समस्त जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ को समय सीमा में वांछित कार्रवाई पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

मतदाता सूची की तैयारी संबंधी कार्य समय पर संपादित कराने के निर्देश

पन्ना 7 नवंबर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया संचालित है। इस संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे द्वारा समस्त बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर को मतदाता सूची की तैयारी से संबंधित समस्त कार्य समय सीमा में संपादित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। बताया गया है कि उक्त कार्य में संलग्न समस्त लोकसेवक मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तक आयोग में प्रतिनियुक्ति पर हैं।

फिर चमकी किस्मत एक साथ मिले पांच हीरे

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। रत्नगर्भा पन्ना मे आये दिन किसी न किसी की किस्मत चमकती रहती है आज फिर एक व्यक्ति को पांच हीरे मिले। जिससे उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा।

हासिल जानकारी के अनुसार बृजेंद्र कुमार शर्मा निवासी सिरस्वाहा ने भरका उथली हीरा खदान मे हीरा खोदने का कार्य किया। जिसे एक साथ पांच हीरे मिले जिनकी बजारू अनुमानित कीमत 10 लाख बताई जा रही है। जिसे उसने हीरा कार्यालय मे जमा करा दिया है। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि तीन उज्जवल किस्म के हीरे जिनका वजन 0.74 कैरेट, 2.29 कैरेट तथा 0.77 कैरेट है तथा ऑफ कलर के दो हीरे मिले हैं जिनका वजन 1.08 कैरेट एवं 0.91 कैरेट है। उपरोक्त पांचों हीरों का वजन 5.79 कैरेट है। जिन्हें आगामी नीलामी मे रखा जायेगा।

गौरवपूर्ण वृद्धावस्था और सम्मानित जीवन हमारी संस्कृति : ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 7 नवंबर। ब्रह्माकुमारी बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रह्मा कुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के बीच 3 साल के लिए एम ओ यू साइन किया गया।

ब्रह्माकुमारी बहन ने अभियान का उद्देश्य बताते हुई कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं उनका सम्मान करना ही हमारी संस्कृति है यह हमारे घर की समाज की शोभा है इनकी सोच पुरानी है लेकिन कहते हैं जितनी चीज पुरानी होती है उतनी ही अच्छी होती है उनकी सोच अनुभव की खान है तो सदा हमें उनका सम्मान और आदर करना चाहिए और सभी छोटे,बड़ों को भी यह सीखना चाहिए बुजुर्गों के लिए सुख सुविधाओं की आवश्यकता नहीं है उन्हें अपने बेटों, बेटियों बहू और नाती, पोतों की आत्मीयता की आवश्यकता है उनके हाथ में जब अपने बच्चों का हाथ स्पर्श करता है तो उसे किसी भौतिक सुविधाओं से नहीं मापा जा सकता दादा,दादी के साथ बच्चों का जो प्रेम पूर्वक भावनात्मक संवाद होता है उसकी कल्पना वही कर सकते हैं जो संयुक्त परिवार में जीते हैं आज संयुक्त परिवार का विघटन हो रहा है ऐसे में हमें समाज की चेतना जागृत करने की जरूरत है ऐसे अभियानों से लोगों में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था को सम्मानित जीवन की प्रेरणा मिलेगी, इस अवसर पर सुश्री कुसुम मेहदेले ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सीता बहन के द्वारा आज बताए गए उपदेश हम सभी को जीवन में धारण करने की आवश्यकता है इसी से समाज में सुधार आएगा एवं परिवार का वातावरण प्रेम पूर्वक बनेगा। कार्यक्रम में सभी ने अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती साधना अवस्थी पूर्व प्राचार्य, मंजू लता जैन एडवोकेट, श्रीमती निशा जैन प्राचार्य, कैलाश सोनी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर सभी अतिथियों का बैच एवं तिलक के द्वारा ईश्वरीय उपहार देकर सम्मानित किया गया।

जनपद कार्यालय में गूंजा वंदे मातरम्

नवभारत न्यूज

पवई 7 नवम्बर। भारत के राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज जनपद सभागार पवई में उल्लास और गर्व से ओतप्रोत गरिमामयी समारोह आयोजित किया गया।

विकासखंड के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर मातृभूमि के प्रति आस्था और समर्पण का भाव प्रकट किया। राजधानी भोपाल के शौर्य स्मारक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का प्रत्यक्ष प्रसारण जनपद सभागार पवई में किया गया, जिसे उपस्थित जनों ने बड़े उत्साह से देखा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का प्राण मंत्र था- जिससे अंग्रेज साम्राज्य की नींद उड़ गई थी। यह गीत देशभक्तों की शक्ति, साहस और संकल्प का प्रतीक बन स्वतंत्र भारत की आत्मा में रच-बस गया। आज भी यह हर भारतीय के हृदय में वही उत्साह, ऊर्जा और देशप्रेम की लौ प्रज्वलित करता है।